श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को मिला इंटरनेशनल अवॉर्ड

अजय प्रताप सिंह

पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दुधोला पलवल को ग्लोबल एसोसिएशन फॉर ट्रेनिंग एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा बेस्ट यूनिवर्सिटी फॉर इंडस्ट्री इंटीग्रेशन ड्यूल एजुकेशन मॉडल अवार्ड प्रदान किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली में विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ राज नेहरू ने यह गेटर इंटरनेशनल अवॉर्ड प्राप्त किया।

उन्होंने इसका श्रेय विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों की मेहनत को दिया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते सबसे सफल इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड दोहरी शिक्षा प्रणाली का मॉडल तैयार किया है। इस शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी 40 प्रतिशत थ्योरी क्लास रूम में सीखता है और 60 फीसदी प्रैक्टिकल इंडस्ट्री में जाकर सीखता है। देश भर के दूसरे कौशल विश्वविद्यालय भी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के इस मॉडल को अपना रहे हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने इस उपलब्धि के लिए कुलपति डा राज नेहरू को बधाई दी।